प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 01.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 संसदीय सीटों पर आज शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न : शाम 5 बजे तक 54 प्रतिशत हुआ मतदान।
2. भीषण गर्मी के चलते मिर्जापुर में कल चुनाव ड्यूटी के लिए निकले 7 होमगार्ड्स समेत 13 लोगों की मौत : मृतकों के परिजनों को दी जायेगी 15–15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता।
3. इंडिया गठबंधन ने आज दिल्ली में की बैठक : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गठबंधन के 295 से ज्यादा सीटें जीतने का किया दावा।
4. तेल विपणन कंपनियों की व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमत में 69 रुपये 50 पैसे प्रति यूनिट की कटौती : विमान ईंधन की कीमत भी साढे छह प्रतिशत घटी।

और

5. प्रदेशवासियों को अगले तीन दिनों में मिल सकती है गर्मी से राहत : मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना।

———————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राज्य की 13 संसदीय सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज में आज मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। 13 लोकसभा सीटों सहित सानभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये आज मतदान सम्पन्न हुआ।

प्रदेश के मुख्य्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शाम 5 बजे तक 54 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। शाम 5 बजे तक सबसे अधिक महाराजगंज में 58 दशमलव छह प्रतिशत के करीब मतदान और सबसे कम बासगांव में 50 प्रतिशत के करीब मतदान की सूचना है। वहीं सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये शाम 5 बजे तक 54 दशमलव चार आठ प्रतिशत मतदान की खबर है।

चंदौली *से हमारे साथ जुड़ रहे हैं हमारे प्रतिनिधि मनोज त्रिपाठी........... मनोज, चंदौली में आज के मतदान को कैसे देखते हैं आप ?*

आखिरी चरण के मतदान में कई दिग्गज उम्मीदवारों की प्रतिष्ठा दांव पर है, जिसमें मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रवि किशन, केन्द्रीय मंत्री महेन्द्रनाथ पांडेय, पंकज चौधरी और अनुप्रिया पटेल के अलावा प्रमुख विपक्षी उम्मीदवार अजय राय, अफजाल अंसारी, पिंटू सैंथवार,

वीरेन्द्र चौधरी, सनातन पाण्डेय और रमेश बिंद शामिल हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में इन 13 सीटों में से 11 सीटें भाजपा ने जीती थीं। वहीं घोसी और गाजीपुर सीट पर विपक्षी दलों का कब्जा था।

वाराणसी से हमारे साथ जुड़ रहे है हमारे प्रतिनिधि मनीष सिंह............ *?*

*मनीष आज कैसा मतदान रहा.........?*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखनाथ बालिका प्राथमिक विद्यालय में वोट डाला। रवि किशन ने गोरखपुर के तारामंडल मतदान केंद्र में और काजल निषाद ने इंदिरा नगर में मतदान किया। राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने भी गोरखपुर में मतदान किया।

आज जिन 13 सीटों पर मतदान सम्पन्न हुआ है, उनमें से 10 सीटों पर एनडीए की ओर से भाजपा के उम्मीदवार और मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज सीट पर अपना दल के प्रत्याशी मैदान में हैं। घोसी लोकसभा सीट पर सुभासपा ने अपना उम्मीदवार उतारा है। कांग्रेस गठबंधन की ओर से सपा ने दस सीटों पर और कांग्रेस ने तीन सीटों पर चुनाव लड़ा है।

————————

प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते मिर्जापुर में कल चुनाव ड्यूटी के लिए निकले 7 होमगार्ड्स समेत 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में सात होमगार्ड के जवानों के

अलावा एक होमगार्ड चपरासी, तीन स्वीपर, एक स्वास्थ्य कर्मी और एक चकबंदी विभाग का कर्मचारी शामिल हैं। चुनाव ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वालों के परिजनों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15–15 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

ये सभी अंतिम चरण के मतदान के लिए विभिन्न जनपदों से ड्यूटी के लिए मिर्जापुर पहुंचे थे। इनके अलावा 23 होमगार्ड को तबीयत बिगड़ने पर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर मंडलीय चिकित्सालय पहुंची जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने भर्ती मरीजों का हाल जाना। जिला प्रशासन के मुताबिक, मरने वालों में दो गोंडा, दो प्रयागराज, एक बस्ती और एक मिर्जापुर के रहने वाले जवान हैं। मां विंध्यवासिनी स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आरबी कमल ने बताया कि हीटवेव से ग्रसित कुल 23 लोगों का इलाज चल रहा है। तापमान 46 डिग्री होने के नाते मरीजों का ब्लड प्रशर और शुगर प्रभावित हो रहा है।

————————

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना से पहले विपक्षी इंडिया गठबंधन ने भविष्य की रणनीति तैयार करने के लिए आज नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर आयोजित की गई। कांग्रेस वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और

राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संचालक अरविंद केजरीवाल, झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता चंपई सोरेन, सीपीआई–एम के महासचिव सीताराम येचुरी और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव इस बैठक में शामिल हुए। इस बैठक में टीएमसी और पीडीपी भागीदारी नही कर रही है।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन 295 से ज्यादा सीटें जीत रहा है। बैठक में सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि इंडिया गठबंधन के तमाम सदस्य एक्जिट पोल डिबेट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले फैसला किया गया था कि कांग्रेस के सदस्य एक्जिट पोल के डिबेट में हिस्सा नहीं लेंगे। बैठक में शामिल हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि जनता ने इस बार बदलाव का मन बना लिया है और 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

———————

तेल विपणन कंपनियों ने व्यावसायिक एल.पी.जी. सिलेंडर की कीमतों में 69 रुपये पचास पैसे की कटौती की है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन ने बताया कि दिल्ली में एक व्यावसायिक सिलेंडर का मूल्य एक हजार छह सौ 76 रुपये होगा। ये सिलेंडर अब कोलकाता में 72 रुपये, मुम्बई में 69

रुपये पचास पैसे और चेन्नई में 70 रुपये पचास पैसे सस्ते मिलेंग। इसके अलावा विमान ईंधन की कीमतों में भी साढे छह प्रतिशत की कमी की गई है।

—————————

अब लेते है ब्रेक म्यूजिक

पादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

———————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बर्ड फ्लू को लेकर राज्यों को अलर्ट किया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक की तरफ से राज्यों को भेजी गई एडवाइजरी में कहा गया है कि वे मुर्गी पालन और अन्य जंगली पक्षियों की असामान्य मौतों पर नजर रखे। स्वास्थ्य कर्मियों को सतर्क और जागरूक रखे और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराये। अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले आने के बाद यह कदम उठाया गया है।

—————————

लखनऊ विश्वविद्यालय अगले शैक्षणिक सत्र 2024—25 के लिये यूजी और पीजी पाठ्यक्रमां में प्रवेश के लिये आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। पहले यह तिथि 31 मई तय की गई

थी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश संबंधी सभी जानकारी उपलब्ध करा दी गई है।

————————

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का सिलसिला जारी है। ज्यादातर जनपदों में अधिकतम तापमान में 45 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। बीते 24 घंटे में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 48 दशमलव दो डिग्री सेल्सियस कानपुर में रिकार्ड किया गया है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अगले तीन दिनों में प्रदेशवासियों को गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश के अलग–अलग स्थानों पर अगले तीन दिनों में गरज चमक के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। इसके साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो से तीन दिनों में अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।

————————

सरकार ने कहा है कि बिजली की अत्यधिक मांग के बावजूद ताप विद्युत संयंत्रों में कोयले का भंडार 45 मीट्रिक टन से अधिक बना हुआ है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। कोयला मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया है कि यह स्टॉक 19 दिनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

(समाप्त)